RAF SECTOR

NEWS CLIP

12/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

I Next (Prayagraj,UP)

यूनिवर्सिटी और पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक में अराजकतत्वों पर शिकंजा कसने की बनाई गई रणनीति

15-15 दिनों के भीतर हॉस्टल का किया जाएगा औचक निरीक्षण

prayagraj@inext.co.in

इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के कैंपस से लेकर हॉस्टलों में अराजकतत्वों पर अंकुश लगाने के लिए विवि प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं. हॉस्टल्स में किसी भी रूप में अराजक तत्व न घुसने पाएं इसके लिए प्रत्येक पंद्रह दिनों के अंतराल पर विवि व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण का निर्णय लिया गया है. हॉस्टलों में निरीक्षण के दौरान वैध छात्रों के अलावा कोई अवैध तरीके से वहां रहता मिला तो वैध छात्र का शुल्क जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी.

Prabhat Khabar (Deoghar, JKD)

बाबाधाम आने लगे कांवरिये

संवाददाता ▷ देवघर

श्रावणी मेला में अभी चार दिन शेष हैं, लेकिन अभी से गेरुआधारी कांवरियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है. बाबा मंदिर परिसर के साथ साथ पूरा मेला क्षेत्र श्रावणी मेले के रंग में रंगने लगा है. गुरुवार को बाबा मंदिर परिसर गेरुआधारी कांवरियों से पटा रहा. आम श्रद्धालुओं के साथ कांवरियों की कतार फुट ओवरब्रिज तक पहुंच गयी. पट बंद होने तक 50 हजार भक्तों ने जलार्पण किया. कांवरियों की भीड़ को नियंत्रित व कतारबद्ध करने के लिए रैफ (रैपिड एक्शन फोर्स) की दो कंपनी पहुंच चुकी है. रैफ की टीम ने अभी से ही मंदिर परिसर की पूरी व्यवस्था अपने नियंत्रण में ले ली है. रैफ टीम कांवरियों को कतार से पूजा कराने में पूरी मुस्तैद दिखी.

बाबा मंदिर में कतार को नियंत्रित करते रैफ के जवान.

रैफ की दो कंपनी के 290 जवान संभालेंगे व्यवस्था

कमांडेंट रवींद्र कुमार व असिस्टेंट कमांडेंट विजय आनंद के नेतृत्व में रैफ की दो कंपनी देवघर पहुंच गयी है. बाबा मंदिर में सुलभ जलार्पण कराने के लिये पूरे परिसर में मेले के दौरान रैफ द्वारा ड्यूटी की जायेगी. मंदिर के गर्भ गृह से लेकर निकास द्वार तक रैफ के हवाले रहेगा. एक कंपनी अधिकारी व जवान मिलाकर 120 लोग होते हैं. इस प्रकार कंपनी में दो कंपनी के 240 जवान के साथ 50 और जवान रैफ टीम में शामिल होंगे. एक कंपनी मंदिर परिसर में व दूसरी कंपनी नेहरू पार्क क्यू कॉम्प्लेक्स आदि जगहों पर मोर्चा संभालेगी.

श्रावणी मेला के दौरान जीआरपी के 850 अधिकारी व जवानों की लगी ड्यूटी

देवघर. श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर जीआरपी की ओर से 850 पुलिस अधिकारी व कर्मी को लगाया गया है. जिसमें अधिकारी के साथ लाठी पार्टी, रायफलधारी व महिला बल होंगे. यह जानकारी जीआरपी इंस्पेक्टर इंदुभूषण कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि सुरक्षा को लेकर दो डीएसपी रैंक के ऑफिसर होंगे. इसके अलावा आठ इंस्पेक्टर, एक स्वाइन दस्ता व एक बम दस्ता टीम में रहेंगे. इसके अलावा 512 जवान होंगे जिसमें रायफल पार्टी और लाठी पार्टी रहेंगे. साथ ही 33 एएसआइ व 145 महिला जवान व पदाधिकारी की तैनाती की जायेगी. इनके आवासन की व्यवस्था जसीडीह के पांच स्कूलों में की गयी है.

Dainik Bhaskar (Indore,MP)

रैपिड एक्शन फोर्स के दल ने परिचय अभ्यास किया, क्षेत्र का मानचित्र भी बनाया जाएगा

भास्कर संवाददाता | बदनावर

केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स का एक प्लाटून सहायक कमांडेंट मंगला प्रसाद के नेतृत्व में जिले के थानों में परिचय अभ्यास करने निकला। मंगलवार को प्लाटून दल ने पुलिस थाना पहुंच कर अभ्यास किया। इलाके की भौगोलिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक जानकारियां एकत्रित की। क्षेत्र की जनसंख्या, साक्षर निरक्षर, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील-अतिसंवेदनशील इलाकों तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी। ताकि भविष्य में किसी प्रकार की घटना या सांप्रदायिक तनाव एवं दंगा की स्थिति निर्मित होने पर किस ढंग से उस पर नियंत्रण किया जा सकता है इस संबंध में अध्ययन किया जाएगा। परिचय अभ्यास का उद्देश्य जिले के सिविल प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ सामंजस्य बनाकर विपरीत परिस्थितियों में कार्य कर सके है। इससे जनता में पुलिस प्रशासन पर विश्वास बना रहे। प्लाटून क्षेत्र का मानचित्र भी बनाएंगे। थाना प्रभारी सीबी सिंह ने प्लाटून दल के सदस्यों का सहयोग किया।

बदनावर. प्लाटून दल ने जानकारियां ली।

राजोद. निकाला फ्लैग मार्च।

राजोद| रैपिड एक्शन फोर्स ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए निकले। टीआई मीना कर्णावत ने बताया प्लाटून कमांडेंट मंगला प्रसाद के नेतृत्व में परिचय अभ्यास के दौरान फोर्स यहां पहुंचा। इसका उद्देश्य इलाके की भौगोलिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक आदि जानकारियां एकत्रित करना है। साथ ही जनसंख्या, साक्षर-निरक्षर, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील-अतिसंवेदनशील इलाकों तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान आरएएफ के जवान के साथ राजोद थाने के एएसआई केएस टांक, के चौहान, रितेंदर सिंह राजावत आदि साथ थे। समापन पुनः थाने पर हुआ।

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला

अमझेरा| बुधवार सुबह 10.30 बजे रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने अमझेरा थाने से मैन चौराहा होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिराहे होते हुए पुनः थाने परिसर पहुंचा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य जिले के सिविल प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ सामंजस्य बनाकर विपरीत परिस्थितियों में कार्य कर सकें। इससे आम जनमानस में प्रशासन व पुलिस पर विश्वास बना रहे। थाने के बालमुकुंद हारोड़, राधेश्याम गोयल, महिला आरक्षक विजिया परमार मौजूद थीं।

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।